तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा (Part-3)

पहचान बनाऊंगा, मैं पहचान बनाऊंगा

हाज़िर नाज़िर तुमको मैंने मान के ठानी है
इतिहास नहीं पहले पहचान बनानी है
खुद को पहले तेरे काबिल मैं बनाऊंगा
तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
मैं तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
तेरी किरपा को बाबा .....

मैंने देखा जो सपना वो सपना सच हो जाए
मैं तेरा हो जाऊं तू मेरा हो जाए
रिश्ता जो बने अपना वो रिश्ता मैं निभाउंगा
तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
मैं तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
तेरी किरपा को बाबा .....

तेरे कीर्तन में बाबा बड़ा रंग बरसता है
कीर्तन करवाने को हर प्रेमी तरसता है
थोड़ी कर देना कृपा तो कीर्तन करवाऊंगा
तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
मैं तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
तेरी किरपा को बाबा .....

यूँ ही नहीं सांवरिया जग तेरा दीवाना है
उसका हर काम बना जिसने तुम्हे माना है
टीके के संग मिलकर तुझे भजन सुनाऊंगा
भक्तों के संग मिलकर मैं भी तुझे रिझाऊंगा
तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
मैं तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
तेरी किरपा को बाबा .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%ac-2/